केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने वाराणसी और चंदौली में शौचालय कॉम्प्लेक्सेस की आधारशिला रखी; स्वच्छ भारत अभियान के प्रति बीएचईएल की प्रतिबद्धता की सराहना की

वाराणसी, 27 मई: माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने वाराणसी और चंदौली में बारह स्थानों पर शौचालय कॉम्प्लेक्सेस का शिलान्यास किया है। इन कॉम्प्लेक्सेस का निर्माण बीएचईएल के सहयोग से इसकी सीएसआर योजना के तहत किया जा रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए, माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से देश माननीय प्रधानमंत्री के 'नमामि गंगे' और 'स्वच्छ भारत' के सपने को जल्दी ही साकार कर सकेगा। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में खुले में शौच की समस्या को हल करने में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए, बीएचईएल के निदेशक - पावर एवं निदेशक (मा.सं) – अतिरिक्त प्रभार, श्री उपिंदर सिंह मठारू ने कहा कि माननीय केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन में बीएचईएल ‘नमामि गंगे’ और ‘स्वच्छ भारत’ अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया की बीएचईएल इस परियोजना को कार्यान्वित करने वाली संस्था, सुलभ इंटरनेशनल को 12 जगहों पर शौचालय कॉम्प्लेक्सेस बनाने, उसका संचालन एवं रख - रखाव करने के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान कर रही है। इन 12 कॉम्प्लेक्सेस में से छह वाराणसी में बनाए जाएंगे और छह चंदौली में। कॉम्प्लेक्सेस का निर्माण लगभग 6 महीने में पूरा हो जाएगा।

वाराणसी और चंदौली महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल हैं और हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इन शहरों में आते हैं। शौचालय कॉम्प्लेक्सेस के बन जाने से इन शहरों में स्वच्छता का स्तर निश्चित रूप से बढ़ेगा।

*****